# कार्यालय छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मण्डल, रायपुर
व्यापम भवन, नार्थ ब्लॉक, सेक्टर–19, अटल नगर, रायपुर (छ.ग.)–492002
**Phone No.- 0771-2972780, Fax No.- 2972782,**
Website- https://vyapam.cgstate.gov.in


## छ.ग. राज्य कृषि विपणन (मण्डी) बोर्ड, रायपुर के अंतर्गत सहायक संचालक, सचिव वरिष्ठ, सचिव कनिष्ठ भर्ती परीक्षा 2023 (MBD23)

### ऑनलाइन फार्म भरने से पहले निम्न बिन्दुओं पर अवश्य ध्यान देवें

1. अभ्यर्थियों की सुविधा की दृष्टि से व्यापम ने आवेदकों के प्रोफाइल पंजीकरण की व्यवस्था व्यापम पोर्टल पर की है। एक बार प्रोफाइल रजिस्ट्रेशन (पंजीकरण) करने के बाद परीक्षा विशेष के लिए आवेदन करने हेतु आवेदक को बार–बार व्यक्तिगत जानकारी नहीं भरनी होगी । यह जानकारी उनके प्रोफाइल पंजीयन से स्वमेव आ जायेगी । इससे त्रुटि की संभावना कम होगी ।

2. ऑनलाइन आवेदन के साथ अभ्यर्थी को जाति, जन्मतिथि, स्थानीय निवासी आदि सम्बंधी प्रमाण–पत्र नहीं लिए जा रहे हैं । अभ्यर्थी के सभी प्रमाण–पत्र का परीक्षण नियुक्तिकर्ता प्राधिकारी द्वारा नियुक्ति के पूर्व की जाएगी। अभ्यर्थी द्वारा दी गई गलत जानकारी के लिए व्यापम जवाबदार नहीं होगा । इसका संपूर्ण उत्तरदायित्व उसका स्वयं का होगा ।

3. ऑनलाइन आवेदन में त्रुटि सुधार हेतु अभ्यर्थी को समय दिया गया है । परीक्षा दिवस के दिन ओ.एम.आर./OMR उत्तरशीट पर कोई त्रुटि सुधार की सुविधा उपलब्ध नहीं होगी। आवेदन पत्र की प्रविष्टियों के आधार पर परीक्षा परिणाम जारी किया जावेगा । त्रुटि सुधार के लिए हार्ड कॉपी/सॉफ्ट कॉपी में भेजा गया कोई भी आवेदन व्यापम द्वारा स्वीकार नहीं किया जावेगा ।

4. आवेदन भरने के पूर्व विभाग द्वारा जारी नियमों को ध्यान से पढ़े ।

5. आवेदन पत्र को सफलतापूर्वक सबमिट करने के बाद कृपया इसका प्रिंट आउट अपने पास अनिवार्य रूप से रखें।

6. व्यापम के वेबसाइट vyapam.cgstate.gov.in में ऑनलाइन प्रोफाइल रजिस्ट्रेशन (पंजीकरण) फार्म भरने हेतु अभ्यर्थी अपना स्वयं का फोटो .jpg/.jpeg फार्मेट में स्कैन कर कर फाइल के रूप में रखें । जिसका अधिकतम साइज 60 kb एवं न्यूनतम साइज 40 kb का हो, सेव कर रखें। (फाइल का नाम अल्फान्यूमेरिक में रखें, बीच में अंतराल तथा डॉट का प्रयोग न करें), साथ ही अभ्यर्थी अपने स्वयं के हस्ताक्षर का फोटो भी स्कैन कर कर एक अलग .jpg/.jpeg फार्मेट में फाइल के रूप में रखे। जिसका अधिकतम साइज 60 kb एवं न्यूनतम साइज 40 kb का हो, सेव कर रखें, जिसे आवेदन पत्र (फार्म) में अपलोड किया जा सके।

7. आवेदन फार्म भरने से पहले फार्म में आवश्यक जानकारियॉ एक कोरा कागज में लिख कर तैयार रखें एवं ऑनलाइन आवेदन फार्म भरने के बाद यह सुनिश्चित कर लेवें कि दी गई सभी जानकारियॉ सही है।

8. आपका वैध E-mail (ई मेल) आई.डी. होना आवश्यक है । अतः अपना E-mail बनाकर तैयार रखे ।

--------------------------------------------------